केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

क्र सं परीक्षा नियंत्रक / सीबीएसई / 2024/ई फाईल क्र. 163685 — 04 सितंबर, 2024

अधिसूचना

विषय: दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं के लिए माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी की आवश्यकता समाप्त करना।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं/बारहवीं की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को निम्नलिखित दस्तावेज जारी करता है:

1. अंकविवरणिका-सह-प्रमाण-पत्र
2. दसवीं कक्षा के उन छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट जो माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करना चाहते हैं
3. बारहवीं कक्षा के सभी छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट

छात्रों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी प्रदान करने के अलावा, सीबीएसई संबंधित छात्रों के डिजीलॉकर में सर्टिफिकेट की सॉफ्ट कॉपी भी प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा के सभी संस्थानों को पहले ही एक पत्र जारी किया है कि बोर्ड द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्रों की डिजिटल प्रतियां उच्च शिक्षा के संस्थानों में प्रवेश के लिए स्वीकार की जाएंगी। इसलिए सीबीएसई ने निर्णय लिया है कि परीक्षा-2025 के बाद से कक्षा 12वीं और कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड प्रति जारी नहीं की जाएगी। यदपि, माइग्रेशन सर्टिफिकेट की डिजिटल कॉपी का उपयोग विद्यार्थी अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए कर सकेंगे। एलओसी में परीक्षा शुल्क के साथ -साथ माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने के लिए लिया जाने वाला शुल्क अब बोर्ड द्वारा नहीं लिया जाएगा।

पारगमन अवधि के दौरान, माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी की आवश्यकता होने पर विद्यार्थी सीबीएसई की वेबसाइट पर लिंक: https://cbseit.in/cbse/web/dads/home.aspx -यानी "डुप्लीकेट एकेडमिक डॉक्यूमेंट सिस्टम" पर अनुरोध कर सकेंगे और उसके बाद उनके अनुरोध के अनुसार उन्हें माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया जाएगा।
उपरोक्त निर्णय, 24 मई, 2024 को आयोजित परीक्षा समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया है तथा 24 जून, 2024 को आयोजित सीबीएसई की शासी निकाय की बैठक में विधिवत पुष्टि की गई है।

यह विद्यालयों, छात्रों, अभिभावकों तथा अन्य हितधारकों की जानकारी तथा आवश्यक कार्यवाही के लिए है।

भवदीय,

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

सीबीएसइ वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ वेब एडमिन को प्रतिलिपि